ऑक्सीजन बर्ड पार्क (अमृत महोत्सव पार्क)

स्रोत: पीआईबी

हाल ही में **सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय** द्वारा महाराष्ट्र के नागपुर में **ऑक्सीजन बर्ड पार्क (अमृत महोत्सव पार्क)** का उद्घाटन किया गया।

- यह **भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI)** द्वारा नागपुर-हैदराबाद **राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर** की गई एक **पर्यावरण पहल का हिस्सा है।**
- इसमें **तीव्र वृद्धि वाले एवं ऑक्सीजन उत्सर्जित करने वाले पेड़ हैं जिनका उद्देश्य वायु प्रदूषण** रोकने के साथ स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देना है।
- **इसे स्थानीय और प्रवासी पक्षी प्रजातियों के** संरक्षण के क्रम में प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में विकसित किया गया है।
- इसका उद्देश्य मध्य भारत की दुर्लभ एवं लुप्तप्राय वृक्ष प्रजातियों (जैसे कि **सुभेद्य भारतीय बेल (Vulnerable Indian Bael), गम कराया (Gum Karaya)** और जंगल की संकटग्रस्त यलो फ्लेम (Endangered Yellow Flame) को संरक्षित करना है।
- इसमें कमल/लिली पैड तालाब, **रीड बेड (प्राकृतिक जल निस्पंदन),** बांस और ताड़ के बागान भी हैं।
- इस पार्क का एक भाग **सामाजिक वानिकी को समर्पित है।** सामाजिक वानिकी के तहत व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से **अप्रयुक्त भूमि पर पेड़ लगाए जाते हैं।**

और पढ़ें: वन संरक्षण प्रयासों पर पुनर्विचार

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/oxygen-bird-park-amrit-mahotsav-park-